पंजाब केसरी 22/08/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं

अम्बाला, 21 अगस्त (बलराम): एपैक्स एस.डी.जी. चैम्पियन-2025 के तत्वावधान में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के मास कम्युनिकेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन विभाग द्वारा दो इंट्रा कॉलेज फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पहली प्रतियोगिता 'टूरिज्म थ्रू माय लैंस' में विद्यार्थियों ने पर्यटन की झलक को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा डिंपल ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र पीयूष ने द्वितीय स्थान तथा बी.कॉम सी.ए.वी. प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी प्रतियोगिता 'कैम्पस जैव विविधता : सुरक्षा उपायों सहित' में विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर की जैव विविधता और उसके संरक्षण की झलक को अपने कैमरे में कैद किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा उपायों और फोटोग्राफी कला के प्रति जागरूक करना था।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने दोनों प्रतियोगिताओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और फोटोग्राफी कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर देती हैं और साथ ही उन्हें पर्यटन व पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करती हैं।

निर्णायक मंडल के सदस्यों डा. अमिता और डा. राकेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों ने पर्यटन और जैव विविधता दोनों विषयों पर अद्भुत दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। महाविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डा. चंद्रपाल पुनिया ने कहा कि विद्यार्थियों के छायाचित्र उनके गहन अवलोकन और रचनात्मकता के प्रमाण हैं, जो उन्हें विशेष बनाते हैं। जनसंचार एवं वीडियो निर्माण विभाग के प्राध्यापक राजिन्दर मीरवाल ने कहा कि उनका विभाग भविष्य में भी विद्यार्थियों की प्रतिभा को बढ़ावा देने और उनकी रचनात्मक क्षमताओं को निखारने हेतु इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करता रहेगा।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। (चंद्रमोहन)